दिल्ली
अधिकतम तापमान 36 डिग्री
न्यूनतम तापमान 28 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 36 डिग्री
न्यूनतम तापमान 27 डिग्री

सोमवार 29 सितंबर 2025
सूर्योदय प्रातः 06:13 बजे
सूर्यास्त सांय 18:09 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट न्यूज



पृष्ठ 4 अमेरिकी प्रतिबंधों में ईरान का स्वावलंबी होना? प्रेरणादायक

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक : 345 | गाजियाबाद, सोमवार 29 सितंबर 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
Canara ai1 CBDC Paytm
Cred PhonePe Google Pay
DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE




# संवाद के जरिये मतभेदों को दूर करने का रास्ता है मध्यस्थता : बी.आर गवई

✷ वेबवार्ता. भुवनेश्वर ✷

भारत के प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई ने कहा कि मध्यस्थता और मुक्त संवाद मतभेदों को बातचीत के जरिये दूर करने, तनाव को सौहार्द में बदलने और पक्षों के बीच सद्भाव बहाल करने के राश्ते हैं।

भुवनेश्वर में शनिवार को हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय मध्यस्थता सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सदियों से विभिन्न समाजों में मध्यस्थता की प्रथा चली आ रही है और मध्यस्थता अधिनियम, 2023 के बनने के बाद इसे कानूनी मान्यता मिली है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारी शांति तभी भंग होती है जब हम झगड़े या असहमति को सुनने, समझने और उसे सुलझाने की ईमानदारी से कोशिश करने से इनकार कर देते हैं। संघर्ष को अगर रचनात्मक तरीके से निपटाया जाए तो वह आगे बढ़ने का अवसर बन सकता है।'' उन्होंने कहा कि यह अधिनियम न्याय को सहभागितापूर्ण, समान और सुलभ बनाता है, साथ ही अदालतों में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या को भी कम करने में मदद करता है। राज्यपाल हरिबाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण मझी, ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हरीश कुमार टंडन और उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति सूर्यकांत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस समारोह में उपस्थित थे।



सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल कंभमपति ने कहा कि मध्यस्थता केवल विवाद सुलझाने के लिए नहीं है, बल्कि यह विश्वास कायम करने, रिश्तों को बचाने और सामाजिक सौहार्द कायम करने का भी तरीका है। राज्यपाल ने कहा, "मध्यस्थता एक पुरानी प्रथा है जो बातचीत और आम सहमति पर आधारित है। इससे मतभेद दूर होते हैं, रिश्ते सुधरते हैं और न्यायसंगत व स्थायी समाधान मिलता है।"

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने न्यायिक सुधारों और वैकल्पिक विवाद समाधान के प्रति ओडिशा की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन मध्यस्थता को भारत की न्याय प्रणाली का मुख्य आधार बनाने के प्रयासों को और मजबूत करेगा, जिससे कानूनी प्रक्रिया में दक्षता, समावेशिता और विश्वास सुनिश्चित होगा।

न्यायमूर्ति टंडन ने कहा कि ओडिशा ने मध्यस्थता सेवाओं के विश्तार के लिए सार्थक कदम उठाए हैं। उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, "हमारे बुजुर्ग कभी बरगद के पेड़ के नीचे इकट्ठा होकर विवादों को सुलझाते थे ताकि फिर से सौहार्द स्थापित हो सके। 2023 का मध्यस्थता अधिनियम उसी भावना को दर्शाता है।"

# पिस्तौल दिखाकर एक करोड़ रुपये के आभूषण लूटने के आरोप में तीन व्यक्ति गिरफ्तार

**एनसीआर टुडे. नई दिल्ली।** भैरों मंदिर के निकट दो व्यक्तियों से लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण लूटने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 24 सिंतबर को हुई थी, जब आभूषण की दुकान पर काम करने वाले शिवम कुमार यादव (28) और राघव (55) स्कूटर पर 500 ग्राम सोने और 35 किलोग्राम चांदी के सामान से भरे दो बैग लेकर चांदनी चौक से भैरों मंदिर की ओर जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार जैसे ही वे मंदिर के पार्किंग क्षेत्र के पास पहुंचे, मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों ने कथित तौर पर उन्हें रोक लिया और पिश्तौल दिखाकर लूट लिया। घटना की सूचना मिलने पर तिलक मार्ग थाने की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान करने और उनके राश्ते का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में दो लुटेरे और एक अन्य व्यक्ति शामिल है, जिसने उनकी सहायता की थी। अधिकारी ने कहा कि मामले में जांच जारी है।

# लद्दाख के लोगों, संस्कृति पर भाजपा और आरएसएस हमला कर रहे : राहुल गांधी



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि लद्दाख के लोगों, संस्कृति और परंपराओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस द्वारा हमला किया जा रहा है। उन्होंने लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने की भी वकालत की।

गांधी की यह टिप्पणी लेह में हुई हिंसा के मद्देनजर आई है। लेह में बुधवार को हुई हिंसा में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गये थे और कई अन्य घायल हो गये। तब से, दंगों में संलिप्तता के आरोप में 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया है और राजस्थान की जोधपुर जेल में रखा गया है।

गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''लद्दाख के अद्भुत लोगों, संस्कृति और परंपराओं पर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हमला कर रहे हैं।'' लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ''लद्दाख के लोगों ने आवाज उठाई। भाजपा ने चार युवकों की जान लेकर और सोनम वांगचुक को जेल में डालकर जवाब दिया। हत्या बंद करो। हिंसा बंद करो। धमकी देना बंद करो।'' उन्होंने कहा, ''लद्दाख को आवाज दीजिए। उन्हें छठी अनुसूची दीजिए।''

अधिकारियों ने बताया कि हिंसा प्रभावित लेह में रविवार को लगातार पांचवें दिन कर्फ्यू लगा रहा और उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता प्रतिबंधों में ढील देने के बारे में फैसला करने के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक करेंगे।

राज्य का दर्जा देने और लद्दाख में छठी अनुसूची के विश्तार के मुद्दे पर केंद्र के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए 'लेह एपेक्स बॉडी' (एलएबी) द्वारा आहूत बंद के दौरान बुधवार को प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। शनिवार को लेह में कर्फ्यू में चार घंटे की ढील दी गई थी।

## बिहार विधानसभा चुनाव और उपचुनावों के लिए 470 पर्यवेक्षक तैनात करेगा निर्वाचन आयोग

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। निर्वाचन आयोग बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव और सात विधानसभा उपचुनावों के लिए 470 अधिकारियों को अपने पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात करेगा। आयोग ने रविवार को एक बयान में कहा कि 470 पर्यवेक्षकों में से 320 आईएएस अधिकारी, 60 आईपीएस और 90 अन्य सेवाओं से हैं। चुनाव के दौरान सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों को निगरानी के लिए तैनात किया जाता है। इन पर्यवेक्षकों की एक 'ब्रीफिंग' तीन अक्टूबर को यहां निर्धारित है, जो आयोग द्वारा बिहार में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बिहार के दौरे से एक दिन पहले है। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है और नवंबर में चुनाव होने की संभावना है।

## ईडी गुरुग्राम जोनल ऑफिस ने दिल्ली-एनसीआर में की छापेमारी

✷ **एनसीआर टुडे. गुरुग्राम** ✷। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गुरुग्राम जोनल ऑफिस ने दिल्ली-एनसीआर के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई, जो कि इंटरनेशनल रिक्रिएशन एंड अम्यूजमेंट लिमिटेड (आईआरएएल) से जुड़ी बड़ी निवेशक धोखाधड़ी के मामले में है। यह जांच कई एफआईआर के आधार पर शुरू की गई, जो गुरुग्राम पुलिस और दिल्ली ईओडब्ल्यू ने इंटरनेशनल रिक्रिएशन एंड अम्यूजमेंट लिमिटेड, ईओडी अम्यूजमेंट पार्क प्राइवेट लिमिटेड, गियन विजेश्वर, रॉबिन विजेश्वर और उनकी अन्य संबंधित कंपनियों के खिलाफ दर्ज की थीं। आरोप है कि इन लोगों ने निवेशकों को ठगा है और करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की है। आईआरएएल ने लगभग 1,500 निवेशकों से 450 करोड़ रुपए से अधिक राशि एकत्रित की।

## उन्मेष ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार किया : उपराष्ट्रपति

✷ **वेबवार्ता. पटना** ✷। बिहार की राजधानी पटना के ज्ञान भवन, सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र में आयोजित एशिया के सबसे बड़े साहित्य उत्सव 'उन्मेष' का समापन रविवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'उन्मेष' ने एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार किया है। इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं संस्कृति, साहित्य और ज्ञान की धरती पर खड़ा होकर आप सबको संबोधित कर रहा हूं। अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष ने विभिन्न भाषाओं के बंधन को तोड़ते हुए श्रेष्ठ साहित्य से रूबरू होने का एक यादगार अवसर उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि संस्कृति मंत्रालय इसके लिए बधाई का हकदार है, जिसने इतनी भाषाओं, अन्य देशों के लोगों को इससे जोड़ा।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आंशिक रूप से बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 80 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, रविवार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 160 रहा जो कि 'मध्यम' श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

# टीवीके ने करूर भगदड़ की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने की मांग की



✷ वेबवार्ता. चेन्नई ✷

तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) की करूर में हुई रैली में 39 निर्दोष लोगों की जान लेने वाली हृदय विदारक भगदड़ की घटना के एक दिन बाद टीवीके ने मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया और घटना की सीबीआई या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की।

घायल पीड़ितों में से एक ने अभिनेता से राजनेता बने विजय की रैली पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए एक और याचिका दायर की है।

रविवार और अदालत की छुट्टी होने के कारण टीवीके के वरिष्ठ पदाधिकारी निर्मल कुमार ने दोपहर न्यायमूर्ति धंदापडी के समक्ष उनके आवास पर घटना की सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग की। मीडिया से बातचीत करते हुए निर्मल कुमार ने कहा कि इस मामले की सुनवाई मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै खंडपीठ द्वारा सोमवार को दोपहर 14:15 बजे की जाएगी। याचिका में उन्होंने इस दुखद घटना के पीछे पथराव और साजिश का आरोप लगाया और विश्तृत जांच की मांग की।

इस बीच भगदड़ में घायल हुए लोगों में से एक सेंथिल कन्नन ने मद्रास उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर विजय की रैली पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले की सुनवाई रविवार की शाम में होने की उम्मीद है। सेंथिल कन्नन ने याचिका में कहा है कि ऐसे आयोजनों में आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त एहतियाती और सुरक्षा उपाय किए बिना रैली की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

गौरतलब है कि तमिलगा वेत्री

## मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई के अध्यक्ष; ओझा, आरपी सिंह सीनियर पुरुष चयन समिति में

✷ वेबवार्ता. मुंबई ✷

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनुभवी क्रिकेटर रोजर बिन्नी का स्थान लेंगे। इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल किया गया। वहीं दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी।

इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे। मन्हास के सर्वसम्मिति से अध्यक्ष चुने जाने के बाद इस फैसले की औपचारिक घोषणा की गई। पिछले कुछ हफ्तों से क्रिकेट और प्रशासनिक हलकों में उनका नाम चर्चा में था, और खबरें थीं कि वह इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई ने अब उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर दी है, जिससे अटकलों पर विराम लग गया है।

दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के पूर्व खिलाड़ी मन्हास अपने लंबे घरेलू करियर और नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को भारतीय क्रिकेट प्रशासन में पीढ़ीगत बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें युवा और हाल ही में सक्रिय क्रिकेटरों को निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में लाया जा रहा है। मन्हास की पदोन्नति के अलावा, वरिष्ठ प्रशासक राजीव शुक्ला को बीसीसीआई के ढांचे में एक महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद को दिल्ली की अदालत में पेश किया गया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

नई दिल्ली, 28 सितंबर (वेब वार्ता)। दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को रविवार को यहां एक अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने पांच दिन के लिए उसकी हिरासत मांगी। रविवार सुबह आगरा से गिरफ्तार किए गए 62-वर्षीय आरोपी को अपराह्न 3:40 ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवि के समक्ष पेश किया गया।

# भारत ने जीता एशिया कप 2025 का खिताब, पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया

✷ वेबवार्ता. दुबई ✷

भारत 150/5 (तिलक 69‘, दुबे 33, अशरफ़ 3-33) ने पाकिश्तान 146 (फरहान 57, फुखर 46, कुलदीप 4-30) को पांच विकेट से हराया

भारत और पाकिश्तान के बीच खेला गया एशिया कप 2025 का फाइनल काफ़ी रोमांचक रहा जिसमें भारत ने दो गेंद शेष रहते हुए पाकिश्तान को 5 विकेट से हराया और नौवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। पहले गेंदबाज़ी करते हुए पाकिश्तान को केवल 146 के स्कोर पर समेटने के बाद शायद ही भारत ने सोचा होगा कि उन्हें जीत हासिल करने के लिए इतना ज़ोर लगाना पड़ेगा। तितक वर्मा के नाबाद 69 रनों की पारी की बदौलत काफ़ी ख़राब शुरुआत के बावजूद भारत वह मैच जीतने में सफल रहा।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पाकिश्तान की सोच पहली गेंद से आक्रमण करने की थी। साहिबजादा फरहान ने पहली 12 में से 11 गेंदों का सामना किया और लगभग हर गेंद पर बल्ला चलाया। शिवम दुबे और जसप्रीत बुमराह के दो-दो तथा वरूण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के एक ओवर ने पाकिश्तानी ओपनर्स को बांधा. लेकिन पहले छह ओवर में पाकिश्तान ने बिना विकेट गंवाए 45 रन बना लिए। इसके बाद अगले तीन ओवरों में उन्होंने 33 रन जोड़े जिसमें कुलदीप यादव के दो ओवर में 23 रन आए थे।



फरहान ने 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने भारत के खिलाफ़ दूसरी बार 50 रनों का आंकड़ा छूने के लिए पांच चौके और दो छक्के लगाए। अर्धशतक पूरा करने के बाद फरहान ने वरुण चक्रवर्ती को लांग ऑन के ऊपर से एक बड़ा छक्का लगाया और उसके बाद अगली ही गेंद पर डीप विकेट को कैच दे बैठे। अधिक आक्रामकता दिखाना उन्हें भारी पड़ गया और 10वें ओवर की चौथी गेंद पर चक्रवर्ती ने भारत को पहली सफलता दिलाई।

113 के स्कोर पर सईम अयूब के रूप में पाकिश्तान को दूसरा झटका लगा और इसके बाद भारतीय स्पिनर्स के जाल में एक के बाद एक पाकिश्तानी बल्लेबाज फंसते चले गए। फ़ख़र ने 35 गेंदों में 46 रन बनाए। इसके बाद पाकिश्तान की बल्लेबाज़ी ताम्स के पत्तों की तरह ढेर हो गई। पहले दो ओवर में काफ़ी महंगे रहे कुलदीप ने अपने अंतिम ओवर में केवल एक रन देते हुए तीन विकेट चटका दिए। केवल 28 रन के भीतर ही पाकिश्तान के आठ बल्लेबाज़ पवेलियन लौट गए।

बुमराह ने आख़िरी दो विकेट निकालते हुए पाकिश्तान की पारी का अंत 146 के स्कोर पर किया और वे पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सके।

पाकिश्तान ने 33 रनों के भीतर नौ विकेट गंवाए थे जो ये दिखाता है कि उनकी पारी किस तरह पटरी से नीचे उतर गई। पहले तीन बल्लेबाज़ों के अलावा पाकिश्तान का कोई अन्य बल्लेबाज़ दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। भारत के लिए ये लक्ष्य काफी आसान लग रहा था क्योंकि उनके पास अभिषेक शर्मा थे।

हालांकि, पूरे एशिया कप में एक के बाद एक लगातार धमाकेदार प्रदर्शन करने के बाद आखिरकार लॉ ऑफ़ एवरेज ने फाइनल में अभिषेक पर अपना प्रभाव दिखाया और पहली बार इस टूर्नामेंट में अभिषेक दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार T201 कप्तान के स्कोर 0,5, 12 और 1 रहे हैं। दो विकेट जल्दी गिरने के बाद शुभमन गिल से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उन्होंने भी अपना विकेट फेंक दिया।

## मण्डावर में दो लूट की घटनाओं के बाद बड़ा फेरबदल

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷। एसपी अभिषेक ने देर रात जिले के कई थाना अध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। मण्डावर थाने में कल दो लूट की घटनाओं के बाद वहां के थाना अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा को तुरंत हटाया गया। उनकी जगह अफजलगढ़ के थाना अध्यक्ष सुमित राठी को मण्डावर थाने की कमान सौंपी गई है। पवन कुमार शर्मा को मण्डावर में तैनात किए जाने के सिर्फ एक सप्ताह बाद यह तबादला किया गया। इसके अलावा, महिला थाने की प्रभारी पुष्पा देवी को किरतपुर थाना प्रभारी बनाया गया। शेरकोट थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह को मंडावली का थाना प्रभारी नियुक्त किया गया, जबकि मंडावली के थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह को अफजलगढ़ भेजा गया।

## पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने की कोशिश

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷। किरतपुर थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार अब शेरकोट के थाना अध्यक्ष होंगे। वहीं, पुलिस लाइन में तैनात सविता कापड़ी को चांदपुर महिला थाना अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। यह फेरबदल जिले की पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने और कानून व्यवस्था मजबूत करने की कोशिश माना जा रहा है।

## वरिष्ठ पत्रकार की वालिदा का इंतेकाल जोहर की नमाज के बाद किया सुपर्द ए खाक

✷ **एनसीआर टुडे. स्योहारा** ✷। वरिष्ठ पत्रकार की बीती सुबह के पहर वालिदा का बीमारी के चलते हुआ 3:30 बजे उनका इंतेकाल हो गया। जोहर की नमाज के बाद और दुनिया से अलविदा कह गई। किया सुपर्द ए खाक रहा ग़म का मरहूम अनवरी बेगम के जनाजे माहौल। नमाज जोहर की नमाज के बाद बीती दिवस को आप का उजाला अदाकर अवध शुगर मिल स्योहारा अखबार के जिला प्रभारी की वालिदा को कब्रिस्तान में दफन किया गया। उनके जनाजे में नगर तथा इलाके के समाजसेवी और पत्रकार बंधु व काफी समय गणमानय लोग मौजूद रहे।

## एसपी सिटी कृष्ण गोपाल ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

✷ **एनसीआर टुडे. नजीबाबाद** ✷। नगर के चौक बाजार में बीती रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को दिया गया अनजाम। आला अधिकारी घटनास्थल का मौके मुआयना करने पहुंचे। थाना नजीबाबाद के चौक बाजार स्थित एक बर्तन की दुकान योगेश कुमार तायल कई वर्षों से चलाते आ रहे हैं। दुकानदार द्वारा पुराने टूटे-फूटे बर्तनों को खरीदा जाता और नए बर्तनों को बेचने का कार्य किया जाता है। आज रविवार 28 सितंबर सुबह जब वे अपनी दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने छत के ऊपर जीने का दरवाजा कटा हुआ देखा। दुकान के अंदर सामान बिखरा देखा दुकान मालिक द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को दी जानकारी में बताया गया है कि दो से ढाई लाख रुपए नगद दुकान में रखे हुए थे और कुछ पेत्रिक आभूषण अज्ञात चोरों के द्वारा चुरा लिए गए। वादी की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है । घटनास्थल पर मौका मुआयना करने एसपी बिजनौर और एसपी सिटी बिजनौर सीओ नजीबाबाद पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी नजीबाबाद पहुंचे। एसपी सिटी बिजनौर द्वारा जानकारी दी गई कि घटना के सफल अनावरण के लिए फॉरेंसिक टीम, सर्विलांस टीम , स्वाट टीम और लोकल पुलिस की टीम लगी हुई है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## पुलिस ने बीएनएस से संबंधित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

✷ **एनसीआर टुडे. स्योहारा** ✷। थाना पुलिस ने 25 सितंबर 2025 को दर्ज मुकदमा संख्या 385/25 धारा 109(1)/ 351(3)/ 3(5)/115(2)/ 61(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। निवासी ग्राम श्यामबाद ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर बताया कि 25 सितंबर की रात अभियुक्त लक्की पुत्र महावीर सिंह और उसके साथियों ने शराब पीने के बाद उसके पति सस्पाल सिंह पर जान से मारने की नीयत से हमला किया और धमकी दी। घटना के बाद अभियुक्त मौके से फरार हो गए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और 28 सितंबर 2025 को पुलिस टीम ने दबिश देकर अभियुक्त लक्की पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम श्यामबाद को गिरफ्तार कर लिया।

## पकौड़ी खाने से परिजन हुए बेहोश

✷ **एनसीआर टुडे. नहटौर** ✷। बेसन की पकौड़ी खाने से एक ही परिवार के चार लोग बेहोश हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएससी में भर्ती करें जहां से उन्हें बिजनौर रेफर कर दिया। ग्राम हरगनपुर निवासी रमेश सिंह पुत्र किशन सिंह के घर में शनिवार की शाम को बेसन और आलू की पकौड़ी बनाई गई थी। बताया जाता है की पकौड़ी खाने के उपरांत बिना रानी पत्नी रमेश 42 वर्ष रमेश 50 वर्ष पुत्री काजल 22 वर्ष एवं पुत्र साजन 14 वर्ष को उल्टी और चक्कर की शिकायत हुई जिन्हें अन्य परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेटवर्क ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत में सुधारने होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया रविवार को भी उनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# अब्दुल उर्फ संजू बजाज हिन्दू लड़की को लव जिहाद में फंसाकर ले ले जाने का अरोप

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

गत दिनों थाना देहली गेट क्षेत्र के अमनबिहार की हिन्दू बेटी को एक मुस्लिम युवक अब्दुल बहला फुसलाकर ले गया है। जिसकी शिकायत थाना देहली गेट में बेटी की माँ पीड़िता द्वारा की गई और जिस पर मुकदमा पंजीकृत कराया है। पीड़िता का कहना है उसकी बेटी बीएससी नर्सिंग की छात्रा है और मुस्कान अजरा हॉस्पिटल खैर रोड़ पर इंटर्नशिप कर रही थी।

जहां अब्दुल निवासी नीवरी भी इंटर्नशिप कर रहा था और वहीं से मेरी बेटी को अपने लव जिहाद के प्रेमजाल में फँसाकर अपने साथ ले गया है। पता लगने पर जब पीड़ित परिवार अब्दुल के घर पहुंचा तब उसके परिवारीजनों के द्वारा स्वीकार किया कि तुम्हारी बेटी हमारे बेटे के साथ है और उसके साथ निकाह करा दो। तब मुकदमा वादिया द्वारा स्पष्ट मना करते हुए कहा कि में अपनी बेटी को मुस्लिम लड़के के साथ विवाह नहीं करा सकती तब उक्त परिवारीजनों ने पीड़िता को धमकाया भी।

बेटी को आठ दिन बाद भी पुलिस द्वारा बरामद न करने पर आज पीड़ित परिवार भाजपा महानगर मंत्री एडवोकेट संजू बजाज व



राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के भरत तिवारी ब्रजमोहन उपाध्यक्ष व अन्य भाजपाइयों के साथ सीओ प्रथम के कार्यालय पर पहुंचे जहां पीड़ित परिवार गेट पर ही धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे।

वादी पीड़िता पैट्रोल की बोतल भी साथ मे लेकर आई जो कह रही थी कि उसकी बेटी नही मिली तो में पेट्रोल डालकर आत्महत्या कर लुंगी। सीओ सिटी के आने के बाद वार्तालाप हुई तब दो दिन के अंदर सीओ मयंक पाठक द्वारा बरामद करने का आशवासन दिया है।

एडवोकेट संजू बजाज ने कहा कि मुस्लिम युवकों द्वारा हिन्दू बहन बेटियों के साथ लव जिहाद के अंतर्गत उनको बरगलाकर ले जाना फिर उनके साथ अत्याचार करना एजेंडा के तहत मुस्लिम धर्म के लोग चला रहै हैं, लेकिन हम अपनी हिन्दू बहन बेटियों के सम्मान बचाने के लिये हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े हैं ।

भरत तिवारी ने कहा कि अगर दो दिन के अंदर बेटी बरामद नहीं हुई तो हम लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस मौके पर योगेश माहौर,करन, सोनू, व पीड़ति परिवार मौजूद रहे।

## नगीना में धूमधाम एवंम हर्ष उल्लास से निकली गई राम बारात

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

रविवार की शाम श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में भगवान श्रीराम की बरात परंपरागत तरीके से धूमधाम से निकाली गई। राम बरात हिन्दू-इंटर कॉलेज नगीना से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो चौराहा गांधी चौक तहसील बाजार नगर पालिका बाजार होती हुई मंडी मौलगंज स्थित मंदिर लोकेश्वर नाथ पहुंची तो लोगो ने राम बारात का स्वागत किया।

इसके बाद राम बरात बाजार लुहारी सराय, प्रेम पुश्तकालय, बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ पहुंची जहां मंदिर कमेटी के, साहू कपिल, हरि गोपाल तथा बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ के पुजारी पंडित डॉ. विपिन चंद्र त्रिपाठी ने राम बरात की आरती उतारकर स्वागत किया।तत्पश्चात रामबरात बाजार गंज,सर्राफा बाजार, बिश्नोई सराय होती हुई नगीना धामपुर मार्ग स्थित रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। राम बरात में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न तथा उनके पिता राजा दशरथ के अतिरिक्त गुरु वशिष्ठ तथा राधे कृष्ण आदि की आधा दर्जन भर मनोहर झांकियॉ सम्मिलित थी। बैंड बाजे के साथ निकली राम बरात में युवा डीजे की धुन पर थिरकते चल रहे थे। बरात का नगर में कई जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

## पर्यटन विकास के लिए नए टूरिस्ट प्वाइंट विकसित किए जाएंगे: आरटीओ



✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अलीगढ़ होटल एण्ड रेस्टोरेंट एसोशिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन होटल धीरज पैलेस में किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

आरटीओ अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा विकास विनाशकारी न हो, हमें सर्वप्रथम इस बात का ध्यान रखना चाहिए। हम सभी की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हम जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या सहयोग कर सकते हैं।

जिले में अचलेश्वर, खेरेश्वर व शेखा झील के अतिरिक्त भी पर्यटन के नए केंद्र विकसित किए जाएं।

उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा हाल ही में लागू "बेड एण्ड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2022" नीति के उद्देश्य एवं आवश्यकता की विश्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इससे जहां एक ओर पर्यटन को नई ऊँचाईयां मिलेंगीं, स्थानीय युवाओं व परिवारों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा वहीं दूसरी ओर पर्यटकों को शहरी क्षेत्र के साथ ही दूर-दराज के क्षेत्रों में भी आसानी से गुणवत्तायुक्त हॉस्पैटिलिटी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

उन्होंने अलीगढ़ के लिए भविष्य की योजनाओं जैसे- अचल सरोवर में वाटर स्पोट्स, लेजर फाउंटेन, शेखा झील के आसपास कॉटेज एवं अलीगढ़ को पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए स्थानीय श्तर पर जिले भर के पर्यटन स्थलों की बुकलेट तैयार कराए जाने की जानकारी दी।

बैठक में दीपक गर्ग, प्रदीप सिंघल, अजय गुप्ता, अनिल जैन, संजय गुप्ता, अंशुल कुमार, अनिकेत वार्ष्णेय, संजीव अग्रवाल, प्रमीत गुप्ता, राजकुमार गुप्ता आदि ने भी पर्यटन विकास के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए अमूल्य सुझावों को साझा किया।

अंत में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने सभी आंगतुकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पटाखा फैक्ट्री में धमाका, चार घायल

**फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने आग पर काबू पाया**
**उच्च अधिकारियों ने किया फैक्ट्री का निरीक्षण**

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

आतिशबाजी निर्माण के पटाखा फैक्ट्री सीकरी भोगपुर में अचानक धमाका हो गया। धमाका इतनी तेज था कि जिसकी धमक काफी दूर तक सुनाई दी।

फैक्ट्री के मजदूर अपनी जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए। धमाके के दौरान 4 मजदूर आग में झुलसने से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अग्निशमन अधिकारी सहित अनेक अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है।

रविवार की प्रातः को ग्राम सीकरी भोगपुर में लाईसेंसधारक भूदेव सिंह की पटाखा फैक्ट्री में आतिशबाजी बनाने के दौरान अचानक धमाका हो गया। धमाका इतनी तेज था कि इसकी बोली आसपास के गाँवो तक सुनाई दी। धमाके के साथ लगी आग से फैक्ट्री में हड़कंप मच गया और मजदूरों में भगदड़ मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जिस पर किसी तरह उन्होंने आग पर काबू पाया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फैक्ट्री में आग लगने से दो गंभीर और चार मामूली रूप से घायल हुए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक धामपुर अमित कुमार श्रीवाश्तव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश कुमार पांडे पुलिस क्षेत्राधिकार धामपुर अभय कुमार पांडे, तहसीलदार धामपुर, राजस्व निरीक्षक ओमवीर सिंह, टीम हल्का लेखपाल भी मौके पर पहुँच गये। ओर मौका मुआयना किया।

**15 दिन में तीन धमाके...**

नहटौर में करीब 9 से अधिक पटाखा फैक्ट्री है। जिसमे आतिशबाजी का निर्माण होता है। इससे पूर्व करीब दो सप्ताह पहले आपको स्थित पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ था। उसके उपरांत करीब डेढ़ सप्ताह पहले ग्राम बूढ़पुर स्थित पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे के अनुसार फैक्ट्री में आशीष, अरुण व बालेश घायल हुए हैं। जिनमें दो लोग आंशिक रूप से घायल है। फैक्ट्री संचालक के पास आतिशबाजी निर्माण का लाइसेंस है जो वर्ष 2029 तक वैध है।

**फैक्ट्री में आग लगने से लोगो मे दहशत**

फैक्टरी में आग लगने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों को मौके से हटाया। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां लगी हुई थी। धमाके होने से तीन शेड ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और टीन की चादर काफी दूर जाकर खेतो में गिरी। जिला अग्निशमन अधिकारी राकेश कुमार पांडे ने टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया।उन्होंने बताया कि आग लगने से तीन लोग झुलस गए हैं। जिममें दो मामूली रूप से झुलसे थे। आग लगने के कर्म की जांच की जा रही है।

# शादी से एक दिन पहले दूल्हे ने कर दी दुल्हन की हत्या

**ऊना, एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले की उपतहसील जोल की बैरियां पंचायत में घटी दर्दनाक वारदात ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। 24 वर्षीय अंशिका ठाकुर की शादी 24 सितंबर को तीसरे नवरात्र के शुभ अवसर पर धूमधाम से होनी थी। लेकिन डोली उठने से ठीक एक दिन पहले उसकी अर्थी उठी। गांव की बेटी को दुल्हन बनाकर विदा करने की जगह लोगों को उसे कंधों पर उठाकर श्मशान घाट तक ले जाना पड़ा। इस हृदय विदारक घटना ने पूरे इलाके को गहरे सदमे और आक्रोश से भर दिया है।

अंशिका की शादी भारतीय सेना में तैनात प्रवेश कुमार से तय हुई थी। दोनों पहले शादीशुदा थे, लेकिन बाद में उनका तलाक हो गया था। इसके बावजूद उनके बीच संबंध बने रहे और उन्होंने कोर्ट मैरिज कर ली। परिवार के विरोध के बावजूद आखिरकार 24 सितंबर को सामाजिक रीति-रिवाजों से शादी तय हुई थी। लेकिन इससे ठीक पहले ही अंशिका की बेरहमी से हत्या कर दी गई। अंशिका चार माह की गर्भवती भी थी। शुरुआत में प्रवेश के



परिवार ने इस रिश्ते पर आपत्ति जताई, लेकिन बाद में राजी हो गए और 24 सितंबर की शादी तय कर दी गई। घर-आंगन में तैयारियां चल रही थीं, रिश्तेदार और परिजन खुशी में डूबे हुए थे। लेकिन इन खुशियों को काली नजर लग गई और सबकुछ बर्बाद हो गया।

23 सितंबर की रात को प्रवेश ने अंशिका को फोन कर मिलने बुलाया। वह उसे सुनसान जगह ले गया, जहां उसने पहले से रची साजिश को अंजाम दिया। सेना से प्रशिक्षण के दौरान इस्तेमाल होने वाला धारदार चाकू साथ लाकर उसने अंशिका का गला रेत दिया। हत्या के बाद पहचान मिटाने के लिए अपनी बाइक से पेट्रोल डालकर शव को जलाने की भी कोशिश की। अंशिका की अधजली लाश वहीं छोड़कर वह घर लौटा और अगले दिन अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने जम्मू चला गया। पुलिस ने वारदात के बाद तेजी दिखाई और आरोपी प्रवेश को जम्मू से गिरफ्तार कर लिया। उसका चाचा संजीव कुमार, जो सेवानिवृत्त फौजी है, प्रवेश से पहले पुलिस ने उसे गिरफ्त में ले लिया था। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद वही प्रवेश को छोड़ने जम्मू गया था। पुलिस जांच में उसकी भूमिका की पुष्टि होना बाकी है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 30 सितम्बर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पूछताछ में प्रवेश ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। उसने पुलिस को बताया कि अंशिका उस पर शादी का दबाव बना रही थी, जबकि वह शादी नहीं करना चाहता था। इसके अलावा अंशिका लगातार पैसों की मांग भी कर रही थी। आरोपी का एटीएम कार्ड उसके पास था और अब तक वह लगभग आठ लाख रुपये निकालकर खर्च कर चुकी थी। पैसों के झगड़े और शादी के दबाव से परेशान होकर ही उसने यह खौफनाक कदम उठाया। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि अंशिका गर्भवती थी और बच्चा उसी का था। ऊना के एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपियो को 30 सितंबर तक रिमांड पर लिया गया है।

## यह जुबिन का असम है, नेपाल नहीं बनने देंगे, हिंसा को लेकर सीएम हिमंत ने चेताया

**गुवाहटी, एजेंसी।**

असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग की मौत के बाद उनके फैंस इसकी जांच और न्याय की मांग कर रहे हैं। असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने इस मामले को आगे बढ़ाते हुए दस सदस्यीय एसआईटी का गठन भी कर दिया है। इसके अलावा असम सरकार ने शनिवार को नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत और दिवंगत गायक जुबिन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है।

सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुए असम सीएम ने फैन्स से भी संयम बनाए रखने की अपील की। सीएम ने इस मामले को संबोधित करते हुए कहा, हम सभी गर्ग के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं लेकिन यह अशांति या फिर हिंसा के जरिए नहीं होना चाहिए। लोगों को संयम से काम लेना होगा। हम जुबिन के नाम पर सरकार विरोधी राजनीति नहीं होने देंगे। यह जुबिन का असम है। हम इसे नेपाल नहीं बनने देंगे। इससे पहले सीएम सरमा ने महंत और मैनेजर शर्मा पर सख्ती दिखाते हुए कहा कि यह दोनों लोग 6 अक्तूबर को गुवाहाटी आकर अपना बयान दें, अन्यथा पुलिस उनके खिलाफ तलाशी अभियान तेज कर देगी। सरमा ने दुर्गा पूजा का हवाला देते हुए कहा, चूंकि फिलहाल दुर्गा पूजा का उत्सव शुरू हो जाएगा, ऐसे में हम नहीं चाहते कि वह अभी आएँ। लेकिन दशमकी के बाद उन्हें आना होगा। उन्हें 6 अक्तूबर को गुवाहाटी आकर अपना बयान दर्ज कराना होगा।

**सवालों का जवाब नहीं देना तो अदालत जाएं: सीएम हिमंतत्न** सीएम हिमंत ने सख्ती के साथ पेश आते हुए कहा कि अगर उन दोनों को सीआईडी के सवालों का जवाब नहीं देना है तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। सरमा ने बताया कि महंत के बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड के लेन-देन को रोक दिया है ताकि वह लंबे समय तक बाहर न रह सके। उन्होंने कहा कि सरकार सिंगापुर से गर्ग की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। इसके अलावा गोवाहाटी मेडीकल कॉलेज और हॉस्पिटल में किए गए दूसरे पोस्टमार्टम की रिपोर्ट भी तैयार है।

## लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर फर्जी लिंक का खेल शुरू, हरियाणा सरकार ने जारी की एडवाइजरी

**चंडीगढ़, एजेंसी।**

महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने की हरियाणा सरकार की लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर धोखाधड़ी भी शुरू हो गई है। फ्रॉड मोबाइल लिंक और फर्जी फॉर्म के मामले सामने आने के बाद हरियाणा सरकार ने लाभार्थियों को सचेत करते हुए एडवाइजरी जारी की है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग ने सार्वजनिक सूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि विभाग के संज्ञान में आया है कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना से संबंधित कई फर्जी लिंक और फार्म प्रसारित किए जा रहे हैं। ऐसे सभी लिंक और फॉर्म धोखाधड़ी हैं। कृपया इन पर विश्वास न करें और न ही इनका उपयोग करें। इस योजना के लिए आवेदन केवल आधिकारिक मोबाइल ऐप्लीकेशन के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। सही डाउनलोड लिंक सेवा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। अपने मोबाइल पर अधिकृत ऐप से ही आवेदन करें। सही डाऊनलोड लिंक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर



उपलब्ध ऐसे सभी लिंक और फार्म धोखाधड़ी हैं। कृपया इन पर विश्वास न करें और न ही इनका उपयोग करें। इस योजना के लिए आवेदन केवल आधिकारिक मोबाइल ऐप्लीकेशन के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। सही डाऊनलोड लिंक सेवा विभाग की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया है। साइबर ठगों द्वारा असली जैसे दिखने वाले फर्जी लिंक भेजे जाते हैं, जिन पर लोग अनजाने में क्लिक कर देते हैं। साइबर ठगी से बचने के लिए जरूरी है कि किसी अनजान लिंक को ओपन न करें। किसी भी अनजान खाते में पैसा जमा न करें। संदिग्ध काल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें।

# गाजियाबाद में बनने जा रही नई टाउनशिप, 12 एकड़ जमीन का अधिकग्रण शुरू

**गाजियाबाद, एजेंसी।**

गाजियाबाद के एनएच-9 के पास इंटीग्रेटिड टाउनशिप दिवाली के बाद पूरी तरह विकसित होगी। इसके लिए शाहपुर बम्हैटा में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है। करीब 12 एकड़ भूमि का अधिग्रहण होने के बाद यहां आवासीय और व्यावसायिक भूखंड, ग्रुप हाउसिंग निर्मित होंगे। साथ ही गाजियाबाद में रहने के इच्छुक लोगों को अपना आशियाना व व्यापारी के लिए दुकान मिल सकेंगी। शासन ने वर्ष 2005 में गाजियाबाद के कई बिल्डरों को इंटीग्रेटिड टाउनशिप का लाइसेंस दिए थे। इसी क्रम में वर्ष 2014 की संशोधित पुनरीक्षित इंटीग्रेटिड टाउनशिप नीति तथा उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति 2023 के तहत एनएच नौ के पास मैसेर्स एसएमवी एजेंसीज



प्राइवेट लिमिटेड करीब 205 एकड़ क्षेत्रफल में इंटीग्रेटिड टाउनशिप विकसित कर रहा है। इसी प्रोजेक्ट में शौर्यापुरम नाम से टाउनशिप भी विकसित हो रही है। करीब 105 एकड़ में विकसित होने वाली इस टाउनशिप की 75 फीसदी जमीन का ही अधिग्रहण हो सका है, लेकिन बची हुई जमीन का अब अधिग्रहण होगा। ताकि प्रोजेक्ट पूरी तरह विकसित हो सके। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि पूर्व में जमीन अधिग्रहण की जीडीए ने मंजूरी दी थी। अब टाउनशिप पूरी तरह विकसित करने के लिए शाहपुर बम्हैटा की बची हुई जमीन की अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में जीडीए के भू अर्जन प्रभारी विवेक कुमार मिश्रा ने अपर जिलाधिकारी (भू अर्जन) को पत्र लिखा है। ताकि बची हुई करीब 12 एकड़ जमीन का जल्द अधिग्रहण हो। अधिकारी बताते हैं कि एक महीने के भीतर जमीन का अधिग्रहण होने की उम्मीद है। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि प्रस्तावित अधिग्रहण उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं नवीन भू-अर्जन अधिनियम की धारा 2(2)(द्ध) के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि शासन ने लोगों को घर मुहैया कराने के उद्देश्य से ही इंटीग्रेटिड टाउनशिप के लाइसेंस जारी किए थे। साथ ही नई टाउनशिप नीति के तहत लोगों के लिए आवास व व्यावसायिक गतिविधियां के लिए भूखंड दिलाने की प्राथमिकता है। ऐसे में जमीन अधिग्रहण होने के बाद गाजियाबाद में रहने की इच्छा रखने वाले लोग अपना आशियाना बना सकेंगे।

## ठगों ने खाते से सवा दो लाख उड़ाए

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। साइबर अपराधियों ने मसूरी निवासी व्यक्ति के खाते से सवा दो लाख रुपये साफ कर दिए। खाते में रकम चेक करने पर पीड़ित को फर्जीवाड़े का पता चला। घटना के संबंध में पीड़ित ने मसूरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मसूरी में चांद मस्जिद के पास रहने वाले इमरान का कहना है कि उनका खाता उज्जीवन फाइनेंस बैंक की आरडीसी शाखा में है। 21 जुलाई 2025 को उनके खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा पांच अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिये कुल 2.30 लाख रुपये निकाल लिए गए। हर ट्रांजेक्शन में करीब 46 हजार 139 रुपये खाते से निकले। इमरान ने बताया कि खाते में बैलेंस चेक करने पर रकम गायब देखकर वह घबरा गए और तुरंत बैंक पहुंचे। बैंक अधिकारियों को जब पूरी जानकारी दी गई तो उन्होंने लिखित आवेदन देने को कहा। इसके बाद उन्होंने तत्काल प्रार्थना पत्र दे दिया, लेकिन अभी तक कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। इमरान के मुताबिक यह रकम उन्होंने बड़ी मेहनत से अपने भविष्य के लिए जमा की थी। उन्होंने मसूरी थाने की साइबर सेल से मामले की गहन जांच कर रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई। सीओ मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## सोने का सिक्का दिलवाने का झांसा दे महिला से 20 हजार ठगे, दो गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। टीला मोड़ थाना क्षेत्र में चार टप्पेबाजों ने एक महिला को सोने का सिक्का सस्ते दाम में देने का झांसा देकर 20 हजार रुपये की ठगी कर ली। शिकायत के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उनके साथियों की तलाश कर रही है। टीला मोड़ क्षेत्र की अशोक वाटिका में रहने वाली संजना चौधरी के अनुसार सुहैल और बिलाल ने अपने दो साथियों फरदीन और अरमान के साथ मिलकर उन्हें कम दाम में सोने का सिक्का दिलाने का झांसा दिया था। 27 सितंबर की शाम करीब पांच बजे चारों ने उन्हें सिकंदरपुर मार्ग पर बुलाया और उन्हें बातों में उलझाकर 20 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद चकमा देकर चले गए। तब उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए लोनी के इकराम नगर पहुंची। यहां किराये के मकान में रहने वाले बिलाल उर्फ हारुन को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर ही दिल्ली के मालवीय नगर में रह रहे आरोपी सुहैल को पकड़ा गया। दोनों के पास से 4900 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि बाकी रुपये फरदीन और अरमान के पास हैं।

## शादी को झांसा देकर युवती से बनाए संबंध, गर्भपात कराने का आरोप

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक ने दिल्ली निवासी युवती को शादी का झांसा देकर दो वर्ष तक संबंध बनाए। युवती के गर्भवती होने पर गर्भपात करा दिया। शादी का दबाव बनाने पर युवक और परिजनों ने युवती व उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दिल्ली निवासी युवती की दो वर्ष पूर्व लोनी थाना बॉर्डर की इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी अरमान से दोस्ती हुई थी। आरोप है कि युवक पिछले दो वर्ष से युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना रहा था। उसके गर्भवती होने पर युवक ने इलाज का बहाना बनाकर अस्पताल ले जाकर गर्भपात करा दिया। युवक पर शादी का दबाव बनाने पर उसने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती ने करीब एक सप्ताह पहले युवक के परिजनों से बात की तो उसकी पिता अय्यूब और भाई रिजवान ने युवती और उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

## युवक ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़ता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है। ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति की 17 वर्षीय पुत्री की पड़ोस में रहने वाले युवक से पिछले दो माह से दोस्ती है। आरोप है कि युवक नाबालिग को घर से बाहर ले गया। जहां उसने किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़ति ने आप बीती परिजनों को बताई। पीड़ित के परिजनों ने युवक से बात की तो उसने किशोरी से शादी करने की बात कही। पीड़ता के पिता द्वारा युवक के परिजनों से बात करने पर जीजा और बहनों ने शादी कराने से इंकार कर दिया। जिस पर उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी चांद बाबू को हिरासत में लिया है।

## मुठभेड़ के बाद शातिर लुटेरा दबोचा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। इंदिरापुरम थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद लूट और छिनैती करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। उससे तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक के अलावा सोने की टिक्की बरामद हुई है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि इंदिरापुरम पुलिस शनिवार रात में वसुंधरा सेक्टर दो ए पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। इस पर बाइक सवार भाग निकला, लेकिन आगे राश्ता न होने की वजह से गिर पड़ा। खुद को घिरता देखकर उसने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली उसके पैर में लगी और वह पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम यामीन निवासी वेलकम दिल्ली बताया है। पूछताछ में यामीन ने बताया कि उसने साथी के साथ मिलकर कुछ दिन पहले प्रहलाद गढ़ी में महिला के गले से चेन खींची थी। चेन को पिघलाकर उसकी टिक्की बना ली थी। वह अपने साथी के साथ दिनभर ट्रांस हिंडन क्षेत्र में घूमता था। सुनसान इलाकों में मिलने वाली महिला से चेन और पुरुष से मोबाइल छीन लेते थे। लूटे गए माल को बेचकर मिले रुपयों से वह अपने शौक पूरे करते थे। मोबाइल को वह राह चलते लोगों को बेच देते थे और चेन को पिघला कर उसकी टिक्की बना लेते थे और किसी सुनार को बेच देते थे। शनिवार की रात में भी वह किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से क्षेत्र में घूम रहा था।

# धामपुर में भाई ने की छोटे भाई की हत्या

**संपत्ति विवाद में गला दबाया, पुलिस ने हिरासत में लिया**

✷ एनसीआर टुडे. धामपुर ✷



धामपुर कस्बे में शनिवार को संपत्ति विवाद के चलते एक भाई ने अपने छोटे भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। धामपुर थाने के पीछे गली में 25 वर्षीय मोनू सैनी की उसके बड़े भाई रवि सैनी ने हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार, दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन और संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। आए दिन उनके बीच झगड़े और कहासुनी होती रहती थी। शनिवार को यह विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी रवि ने मोनू का गला दबा दिया।

घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी भाई रवि को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है।

मृतक के परिजनों ने घटना का दुख व्यक्त किया। रिश्तेदार भूपेंद्र सैनी ने बताया कि संपत्ति को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद काफी समय से चल रहा था। लेकिन किसी ने हत्या की आशंका नहीं जताई थी।

मृतक की बहन ने मोनू को परिवार का सबसे छोटा और शांत स्वभाव का बताया और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने मोनू के दाह संस्कार की तैयारी कर ली थी।

लेकिन मृतक के चाचा की सूचना और पुलिस ने दोबारा कार्रवाई की और शव को अपने कब्जे में ले लिया। इस घटना से धामपुर कस्बे में तनाव का माहौल है।

## चौक बाजार स्थित बर्तन की दुकान में लाखों की चोरी

एसपी सिटी कृष्ण गोपाल ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

✷एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

नगर के चौक बाजार में बीती रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को दिया गया अनजाम। आला अधिकारी घटनास्थल का मौके मुआयना करने पहुंचे। थाना नजीबाबाद के चौक बाजार स्थित एक बर्तन की दुकान योगेश कुमार तायल कई वर्षों से चलाते आ रहे हैं।

दुकानदार द्वारा पुराने टूटे-फूटे बर्तनों को खरीदा जाता और नए बर्तनों को बेचने का कार्य किया जाता है। आज रविवार 28 सितंबर सुबह जब वे अपनी दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने छत के ऊपर जीने का दरवाजा कटा हुआ देखा। दुकान के अंदर सामान बिखरा देखा दुकान मालिक द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को दी जानकारी में बताया गया है कि दो से ढाई लाख रुपए नगद दुकान में रखे हुए थे और कुछ पेत्रिक आभूषण अज्ञात चोरों के द्वारा चुरा लिए गए। वादी की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

घटनास्थल पर मौका मुआयना करने एसपी बिजनौर और एसपी सिटी बिजनौर सीओ नजीबाबाद पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी नजीबाबाद पहुंचे। एसपी सिटी बिजनौर द्वारा जानकारी दी गई कि घटना के सफल अनावरण के लिए फॉरेंसिक टीम, सर्विलांस टीम , स्वाट टीम और लोकल पुलिस की टीम लगी हुई है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कैंसर पीड़ित महिला का प्लॉट कब्जाकर सामान चोरी किया

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

मसूरी थानाक्षेत्र में कैंसर पीड़ित महिला का प्लॉट कब्जाने और उसकी चारदीवारी, कमरे और कमरे में रखा सामान चोरी करने का मामला सामने आया है।

पीड़िता के मुताबिक प्लॉट विक्रेता ने ही परिजनों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

जिला सीवान बिहार के गांव महुवल निवासी जीनत फातिमा का कहना है कि उन्होंने 16 नवंबर 2017 को गांव नाहल निवासी यामीन से 100 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था। 17 नवंबर 2017 को प्लॉट की रजिस्ट्री हुई थी और इसके अगले दिन उन्होंने प्लॉट पर कब्जा ले लिया था।

इसके बाद उन्होंने प्लॉट पर चारदीवारी और कमरा बनाया गया था तथा हैंडपंप भी लगवाया था। जीनत फातिमा का कहना है कि उन्होंने कमरे में लोहे का सामान, रोडी-बदरपुर के कट्टे आदि सामान रखकर ताला लगा दिया था। अगश्त 2023 में वह कैंसर से पीड़ित हो गईं, जिसके बाद से उनका इलाज एम्स दिल्ली से चल रहा है। पीड़िता के मुताबिक इलाज के कारण बिहार से बार-बार आना-जाना कठिन है। इसी बीच दिनांक 28 जुलाई 2024 को उनके पति शकील अहमद प्लॉट पर पहुंचे तो चारदीवारी, कमरा और कमरे में रखा सामान गायब था। खोजबीन करने पर पता चला कि प्लॉट विक्रेता यामीन ने अपने बेटों, भाई यासीन, यासीन के बेटों तथा यासीन की पत्नी नौशाबा के द्वारा यह कार्य किया गया है। आरोप है कि इन लोगों का एक गिरोह है जो बार-बार प्लॉटों को बेचता है और फिर उन पर कब्जा कर लेता है। जीनत फातिमा के मुताबिक इस गिरोह में कुछ महिलाएं भी हैं जो सुबूत मिटाने का काम करती हैं। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमा दर्ज है। पीड़िता का कहना है कि वह प्लॉट की तरफ जाती हैं तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती है।

वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। कैंसर के इलाज के चलते वह पहले से ही वित्तीय संकट झेल रही हैं। उन्होंने डीसीपी ग्रामीण को शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

## निवेश के नाम पर महिला कारोबारी से 40 लाख हड़पे

**एनसीआर टुडे. गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक निर्माण कंपनी संचालित करने वाली महिला से 40 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। दो लोगों ने कपंनी के लिए निवेश दिलवाने के नाम पर रकम हड़प ली। महिला ने थाने में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंदिरापुरम क्षेत्र के अहिंसा खंड दो में रहने वाला शोभा एसएस कंस्ट्रक्शन कंपनी संचालित करती हैं।

# कबाड़ी युवक को सांप काटने पर अचानक सड़क किनारे आराम करना महंगा पड़ गया

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷



अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला गौहर अली खां निवासी एक युवक को गांव मीरापुर मोदीवाला में कबाड़ी की फेरी करने के दौरान अचानक सड़क किनारे घांस पर आराम करना महंगा पड़ गया घास में बैठे सांप ने युवक को डंस लिया। युवक द्वारा एहसास होने पर सांप के काटने की जानकारी परिजनों को दी गई।

परिजनों ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। नगर के मोहल्ला गौहर अली खां निवासी मोहम्मद शुभान उम्र 21 वर्षीय पुत्र मतलूब शनिवार को गांव मीरापुर मोदीवाला में कबाड़ी की फेरी करने गया हुआ था।

युवक फेरी कर वापस आगे की ओर चल पड़ा जहां अचानक तेज धूप होने पर गांव मीरापुर मोदीवाला के समीप ही अचानक सड़क किनारे थकान महसूस होने पर युवक शुभान घांस पर बैठ गया।

घांस पर पहले से ही छिपे बैठे सांप ने अचानक युवक के पैर पर काट लिया। अचानक सांप द्वारा काटने पर युवक को जब महसूस हुआ तो युवक ने देखा कि सांप काटकर जंगल की ओर भाग रहा है। युवक शुभान अहमद ने सांप के काटने के बारे में परिजनों को जानकारी दी।

मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा युवक शुभान अहमद को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालात में सुधार होने पर उसे रिलीव कर दिया गया। उधर डॉ मोहित कुमार ने बताया कि युवक शुभान को सांप ने काट लिया था। उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिलीव कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में सांप के काटने के इंजेक्शन उपलब्ध है।

अगर किसी को सांप काटता है। तो उसे तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ में पहुंचे जहां उसकी जान बचाई जा सकती है। झाड़ फूंक के बिल्कुल भी चक्कर में ना पड़े। ऐसे मामलों में तत्काल सीएचसी में भर्ती कराकर उसकी जान बचाने में अपनी जिम्मेदारी निभाई।

# बीएसएफ जवान का शव 16 घंटे तक गांव में रखा

**सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े परिजन, नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के आने पर हुआ अंतिम संस्कार**

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷









चांदपुर निवासी बीएसएफ जवान की मृत्यु के बाद 16 घंटे से जवान का शव गांव में रखा। रात भर गांव के लोग मांगों को लेकर अड़े रहे।

परिजनों की मांग है कि एक शहीद स्थल और परिवार को एक सरकारी नौकरी दी जाए। मांग पूरी ना होने से जवान का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। जवान के शव को गांव के बाहर पिंडदान स्थल पर रखा है। जवान की मां बेटे के शव से लिपटकर रोती रही। पिता भी भावुक हैं। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

शुक्रवार को चांदपुर निवासी बीएसएफ जवान की पश्चिमी बंगाल के मालदा शिवपुरी में 11 हजार के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई थी। जवान हिंमाशु कुमार गांव शादीपुर मिलक के रहने वाले थे। शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान कैमरा सही करते समय करंट लगने से उनका निधन हो गया।

शनिवार को शाम करीब 6 बजे जवान का शव गांव पहुंचा तो जवान का अंतिम संस्कार शहीद की तरह से ना होने के सूचना पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए।

आक्रोशित ग्रामीणों ने जवान का अंतिम संस्कार नहीं करने दिया। उन्होंने बीएसएफ के जवानों और स्थानीय प्रशासन से जवान को शहीद का दर्जा, गांव में शहीद स्थल और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की। मांगे पूरी ना होने पर जवान का अंतिम संस्कार नहीं किया। ग्रामीणों का कहना है कि आजाद समाज पार्टी के नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के गांव पहुंचने पर निर्णय लिया जायेगा।

रविवार को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद बीएसएफ जवान के गांव पहुंचे। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद जवान के परिजनों से मिले।

**परिजनों और ग्रामीणों ने सांसद के सामने प्रस्ताव रखा।**

नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के गांव पहुंचने के बाद एसडीएम रितु रानी, पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीप सिंह की मौजूदगी में आश्वासन के बाद बीएसएफ जवान हिमांशु कुमार का अंतिम संस्कार किया गया। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि एक परिवार के लिए उसका बेटा चला जाना बहुत बड़ी क्षति होती हैं, लेकिन यह गर्व का पल भी है।

कुछ गलतफहमी थी जिसके चलते अंतिम संस्कार में देरी हुई। शहीद का दर्जा मिलना बहुत बड़ी बात है, जो इस जवान को मिला है। इस जगह अंतिम संस्कार हुआ है। यही जवान का शहीद स्थल बनाया जायेगा अधिकारियों से मेरी बात हो गई है।

परिवार एक सदस्य की नौकरी की मांग कर रहा है। यह उनका अधिकार है। हम परिवार को हर संभव मदद दिलवाने की कोशिश करेंगे।शहीद हिंमाशु कुमार को उनके बड़े भाई विवेक ने मुखाग्नि दी। बीएसएफ की इंस्पेक्टर सहित 12 सदस्य टीम ने जवान को सलामी दी।

गांव शादीपुर मिलक निवासी 24 वर्षीय हिमांशु कुमार पुत्र तारा सिंह बीएसएफ में तैनात थे। उनके चचेरे भाई विकास कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार को दिन में करीब 11बजे ड्यूटी के दौरान पश्चिमी बंगाल में मालदा शिवपुरी में केमरे सही कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें 11 हजार का करंट लग गया। बाद में उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया है कि वह 2022 बैच के थे और बीएसएफ की 119 वीं बटालियन में हेड कॉन्स्टेबल आरएम रेडियो मेकेनिक के पोस्ट पर पोस्टेड थे।

## महापंचायत के लिए किसान नेता रवाना



**एनसीआर टुडे. हलदौर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सिंभावली जिला हापुड महापंचायत में हल्दौर ब्लाक से रवाना होते हुए । इनमे संगठन के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व मे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्य करता है।

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह किसान नेता योगेंद्र उर्फ बिट्टू चौधरी ब्लॉक संरक्षक ध्यान सिंह प्रधान जी नगर अध्यक्ष कुलदीप राणा नगर महासचिव मुनेश चौहान ब्लॉक उपाध्यक्ष राकेश चौधरी सोनू चौहान विकास चौहान गोविंद उर्फ बिट्टू युवा जिला अध्यक्ष सुखबीर सिंह कर्मेंद्र सिंह आदि सैकड़ों किसानों का जत्था सिम्भावली के लिए रवाना हो गया है।

# पारिवारिक कलह के कारण विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

✷ एनसीआर टुडे. बढ़ापुर ✷



थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में एक विवाहिता ने देर रात अपने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ससुराल पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को फांसी के फंदे से उतार कर मृतका के परिजनों को सूचना दी दोपहर बाद बढ़ापुर पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद बढ़ापुर पुलिस हरकत में आई और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जरूरी जानकारियां जुटाई।

बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुंजता निवासी सिविल पुत्र लाल का विवाह कालिंद्री उर्फ सोनी पुत्री पूरन सिंह निवासी ग्राम काजूवाला थाना नगीना के साथ वर्ष 2012 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी विवाह के बाद से दोनों पति-पत्नी अपने ग्रहस्थ जीवन से काफी खुश थे।

बताया जाता है कि सिविल बीते कुछ समय से जम्मू कश्मीर में काम करने जा रहा था अभी भी सिविल काम के सिलसिले में कश्मीर ही था इसके बाद शनिवार को देर रात्रि कालिंद्री उर्फ सोनी ने अपने कमरे में अपनी चुनरी का फंदा बनाकर कमरे में बने एक हुक से लटक कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया।

आनंन फानन में ससुराल वालों ने मृतका के शव को फांसी के फंदे से उतारकर उसके परिजनों को मृत्यु की सूचना दी। घटना को बारह घन्टे से अधिक व्यतीत होने के बाद भी पुलिस को सूचना नही दी गईं।

जिसके बाद दोपहर समय करीब 3 बजे बढ़ापुर पुलिस हरकत में आई औऱ थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे औऱ फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटना की बारीकी से जांच कराई। पुलिस द्वारा जारी किये गए प्रेस नोट में बताया गया है कि थाना प्रभारी निरीक्षक के नम्बर पर तेजपाल पुत्र ओमप्रकाश द्वारा फोन कर सूचना दी गई कि उसकी माँ उसकी बहन कालिन्द्री उर्फ सोनी की मृत्यु हो गई है। जिस पर थाना बढ़ापुर पुलिस हरकत में आई।

बताया जाता है कि मृतका के तीन बच्चे है तथा बच्चे नाबालिग है। सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही विभागीय कार्यवाही की बात कही। इस बाबत जब थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

## ट्रेन से गिरकर मुंबई में नहटोर के युवक की मौत

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷



मुम्बई में ट्रेन से गिरकर मौत होने के बाद नगर के मोहल्ला सादात सहदरी निवासी अमन (21) पुत्र मोहम्मद अब्बास का शव घर पहुंचने पर परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। वहीं दुर्घटना में जान गंवाने वाले दूसरे युवक मोहल्ला तले वाली सराय निवासी अफ्फान (23) पुत्र जकरिया का मुम्बई में ही दफीना कर दिया गया।


परिजनों ने बताया कि अफ्फान व अमन दोनों दोश्त थे। दोनों मुम्बई के मलाड में रहकर मेहनत मजदूरी करते थे। वृहस्पतिवार को किसी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के लिए इंटरव्यू देने गए थे। लौटते वक्त दोनों की संदिग्ध परिस्थिति में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई।

जेब से मिले पहचान पत्रों के आधार पर पहचान कर पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। जिससे परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**मण्डावर में पुलिस- बदमाश में मुठभेड़**

# लूट का आरोपी घायल पकड़ा मंगलसूत्र और बाइक बरामद

✷ एनसीआर टुडे. मंडावर ✷



थाना मण्डावर क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े दो लूट की घटनाओं ने पुलिस महकमें में हड़कंप मचा दिया। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी रही।

पहली घटना शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे हुई, जब सैदपुर खादर निवासी छात्र साहिल और उसका दोश्त समीर 12वीं की परीक्षा का टेस्ट देने जा रहे थे।

गलखा माता मंदिर के पास अज्ञात बदमाशों ने उनसे 1700 रूपए छीन लिए और फरार हो गए। दूसरी घटना दोपहर के समय बालावाली मार्ग पर हुई। उत्तराखंड जा रहे एक दंपति से बाइक सवार बदमाश ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए।

मण्डावर पुलिस और स्वाट, सर्विलांस टीम ने देर रात नाके पर संदिग्ध व्यक्ति को देखा। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम हिमांशु, पुत्र सुशील कुमार, निवासी फूलगढ़ थाना पथरी, जनपद हरिद्वार, उत्तराखंड बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, चार जिंदा कारतूस, लूट में इश्तेमाल की गई पल्सर बाइक और मंगलसूत्र बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने दंपत्ति से मंगलसूत्र छीनने की घटना की थी। पहचान छुपाने के लिए उसने बाइक से नंबर प्लेट भी हटा दी थी।

एसपी सिटी डॉ. कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि मंडावर क्षेत्र में छिनैती की सूचना मिलने के बाद चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में उसे घायल कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कमिश्नरी में पिंक टॉयलेट का शुभारंभ,महिला सुरक्षा की दिशा में अहम कदम

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप महिला सुरक्षा, स्वालंबन और आत्मनिर्भरता को सशक्त करने हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5 के अंतर्गत अलीगढ़ नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। शनिवार को कमिश्नरी कार्यालय प्रांगण में लगभग 9.06 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक पिंक शौचालय का लोकार्पण कोल विधायक अनिल पाराशर, मंडलायुक्त संगीता सिंह एवं नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

नगर आयुक्त ने बताया कि 6 सीट के इस पिंक टॉयलेट में महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। यहाँ महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए साफ-सुथरे शौचालयों के साथ सुरक्षित फीडिंग रूम की व्यवस्था भी की गई है, जिससे छोटे बच्चों के साथ आने वाली माताओं को विशेष राहत मिलेगी। मंडलायुक्त संगीता सिंह ने कहा कि प्रतिदिन कमिश्नरी कार्यालय में आने वाली महिलाओं को अब किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। नगर निगम द्वारा आधुनिक सुविधाओं से युक्त पृथक पिंक टॉयलेट का निर्माण एक सराहनीय कदम है, जो महिला सम्मान और स्वच्छता दोनों को बढ़ावा देगा। कोल विधायक अनिल पाराशर ने नगर निगम की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि शौचालय के संचालन और रखरखाव के लिए न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया जाना आवश्यक है, ताकि गुणवत्ता और मानक हमेशा बनाए रखे जा सकें। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि अलीगढ़ नगर निगम का प्रयास है कि मिशन शक्ति फेस-5 के तहत शहर में कम से कम 5 से 6 पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जाए।

## कोई भी पात्र महिला या बालिका योजना से वंचित न रहे : जिलाधिकारी

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जिले में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शुरू हुए विशेष अभियान में बड़ी संख्या में लाभार्थियों को योजना से जोड़ा गया है।

जिलाधिकारी संजीव रंजन को डीपीओ अजित कुमार ने बताया कि निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत 142 निराश्रित महिलाओं को पेंशन की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 631 बालिकाओं को छह श्रेणियों में लाभ दिया गया है। उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष से 20 पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को कुल 68 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि हर ज़रूरतमंद महिला और बालिका तक सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे। उन्होंने डीपीओ अजित कुमार को निर्देश दिए कि इस अभियान में कोई भी पात्र लाभार्थी छूटने न पाए।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नारी शक्ति को किया जागरूक

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

महिला शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति के पाँचवें चरण में जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को महिला कल्याण विभाग के निर्देशन में विकासखण्ड कार्यालय इगलास पर नुक्कड़ नाटकों का सफल आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सरल और रोचक ढंग से बताया गया कि संकट की घड़ी में सहायता पाने के लिए कौन-से हेल्पलाइन नंबर उनके लिए उपलब्ध हैं। इनमें महिला हेल्पलाइन 181, पावर लाइन 1090, गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं हेतु 102, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 और अग्निशमन सेवा 101 शामिल हैं।

नाटकों के जीवंत प्रदर्शन ने महिलाओं को यह भी समझाया कि किस परिस्थिति में किस हेल्पलाइन पर संपर्क करना सबसे उपयुक्त होगा। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं और छात्राओं ने न केवल उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया, बल्कि यह भी संकल्प लिया कि वे इन जानकारियों को घर-घर तक पहुँचाएँगी।

# 24 घंटे में योगी का तीसरा अल्टीमेटम, बोले- दंगा किया तो जहन्नुम...गजवा-ए-हिंद पर दूंगा नरक का टिकट

**बलरामपुर, एजेंसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद चना... गुड़ और रोटियां खिलाकर गोसेवा की। श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। इस दौरान मंच से सीएम ने एक बार फिर दंगाइयों को खुले शब्दों में चेतावनी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने बरेली बवाल पर 24 घंटे में तीसरी बार दंगाइयों को अल्टीमेटम दिया। कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा। गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा। भारत में उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया।



### सीएम ने छांगुर को कहा कालनेमि राक्षस

लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने एक बार फिर प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी। कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत की तो जहन्नुम का टिकट दूंगा। बरेली का हवाला देते हुए सबक लेने की नसीहत दी। उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना करते हुए कहा कि विकास में बाधा डालने वाले राक्षसों का विनाश होगा। सपा और कांग्रेस के अराजकतत्वों से मिले होने की बात कही।

### भारत में नहीं चलेगा गजवा-ए-हिंद

सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत की धरती पर ये नहीं होगा। भारत की धरती महान आत्माओं की भूमि है। यहां उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया है। गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा। जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें। देर-सवेर उनका भी हश्र छांगुर जैसा ही होगा।

### आस्था चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं

सीएम ने आगे कहा कि किसी को प्रदेश का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं हैं। कुछ लोग नए हथकंडे अपना रहे हैं। लेकिन, उन्हें याद रखना चाहिए कि हम उनकी सोच से कहीं ज़्यादा तैयार हैं। उन्हें वैसे ही पीटा जाएगा जैसे बरेली में पीटा गया। ये मूर्ख यह भी नहीं जानते कि आस्था के प्रतीकों का सम्मान किया जाता है। आस्था कोई चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं है।

### बच्चों की भी ज़िंदगी बर्बाद करने पर तुले कुछ लोग

उन्होंने कहा कि कुछ लोग छोटे-छोटे बच्चों को आई लव मोहम्मद के पोस्टर देकर समाज में अराजकता फैला रहे हैं। उन्हें यह एहसास भी नहीं कि उनकी अपनी ज़िंदगी तो बर्बाद हो ही चुकी है। अब वे इन बच्चों की ज़िंदगी भी बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। लेकिन, सरकार इस तरह की अराजकता को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। जो कोई भी कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, उसे पहले ही बता दिया जाएगा कि हम बिना पूछे उसे नरक का टिकट दे देंगे। इससे पहले सीएम ने रविवार की सुबह देवीपाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी के दर्शन कर उनके पांव पखारे। इसके बाद आरती की। यहां से वह गोशाला पहुंचे। वहां पर गायों को चना... गुड़ और रोटियां खिलाकर गोसेवा की। इसके बाद मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं से बातचीत की। वह मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं से मुलाकात करके बच्चों से भी मिले। बच्चों को टाफियां देकर उन्हें दुलार किया और खूब मन लगाकर पढ़ने को कहा। इस दौरान मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी मंदिर गोरखपुर के महंत रवींद्र दास भी मौजूद रहे। बताते चलें कि सीएम शनिवार की रात यहां पहुंचे थे। उस समय मंदिर में दर्शन करके विश्राम को चले गए थे। उन्होंने रात्रि विश्राम यहीं मंदिर में ही किया था।

### 826 करोड़ की 124 परियोजनाओं की दी सौगात

मंदिर से निकलने के बाद सीएम धूधुलपुर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने सरकारी योजनाओं पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके साथ ही 826 करोड़ की 124 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का उद्घाटन किया। 2047 में विकसित भारत के लिए आम लोगों से सुझाव भी मांगे।

## लोगों ने पुलिस अफसरों पर बरसाए फूल, कहा- जलने से बचाया शहर; तीसरे दिन हालात सामान्य

**बरेली, एजेंसी।** बरेली में बवाल के बाद तीसरे दिन शहर पूरी तरह पटरी पर लौट आया है। सुबह से ही बाजारों में चहलकदमी देखी गई। पुलिस प्रशासन के अफसर लगातार भ्रमणशील हैं। शनिवार शाम को अफसरों ने शहर में भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान लोगों ने उन पर फूल बरसाए। बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद तीसरे दिन रविवार को हालात सामान्य हैं। सुरक्षा के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात है। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। बिहारीपुर इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। यहां ज्यादातर दुकानें बंद हैं। वहीं, शहर के अन्य बाजार पूरी तरह खुले हुए हैं। शहर पूरी तरह से पटरी पर लौटा गया है। शनिवार को डीआईजी अजय कुमार साहनी, डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने फोर्स के साथ रूट मार्च किया। इस दौरान लोगों ने पुलिस अफसरों पर फूल बरसाए। उनका आभार जताया। कहा कि पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से शहर जलने से बच गया। सुरक्षा के मद्देनजर जिले में इंटरनेट सेवा ठप है। आधी



रात के बाद इंटरनेट सेवा बहाल की जा सकती है।

**एसआईटी करेगी बवाल की जांच :** डीआईजी अजय कुमार साहनी ने रूट मार्च के दौरान कहा कि बवाल में दर्ज मुकदमों की तफ्तीश के लिए विशेष जांच कमेटी (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में मौलाना तौकीर रजा खां व अन्य आरोपियों पर रासुका भी लगाया जा सकता है। एसएसपी ने कहा कि कोतवाली में दर्ज पांच मामलों की विवेचना सीबीगंज इंस्पेक्टर को दी गई है। साथ ही बारादरी थाने के दोनों मुकदमों की विवेचना इज्जतनगर थाने को सौंपी गई हैं।

## लखीमपुर खीरी में भीषण हादसा-रोडवेज बस और वैन की टक्कर से मासूम समेत पांच की मौत, नौ लोग गंभीर घायल

**लखीमपुर खीरी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में रविवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। ओयल मोड़ पर रोडवेज बस और सवारियों से भरी वैन की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। नौ लोग घायल हुए हैं।

लखीमपुर खीरी के खीरी थाना क्षेत्र में रविवार को सुबह करीब आठ बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। लखीमपुर-सीतापुर मार्ग के ओयल मोड़ पर रोडवेज बस और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में मासूम बच्चे समेत पांच की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हुए हैं। इनमें छह गंभीर घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। उधर, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

जानकारी के मुताबिक रोडवेज बस लखीमपुर से लखनऊ जा रही थी। सवारियों से भरी वैन सीतापुर से लखीमपुर आ रही थी। इसमें 15 लोग सवार थे।



बताया जा रहा है कि ओयल मोड़ पर रोडवेज बस और वैन की आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर जुट गए।

सूचना मिलते ही थाना पुलिस पहुंच गई। क्षतिग्रस्त वैन से घायलों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।मरने वालों में दो साल का बच्चा भी शामिल है। हादसे में घायल नौ लोगों में से छह की हालत गंभीर बताई गई है। गंभीर घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है।

## ईंट से कूच दिया सिर और चेहरा... पोस्टमार्टम में सामने आई बर्बरता; न हो पा रही थी पहचान

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज के अल्लापुर में हिस्ट्रीशीटर की ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी गई। विवाद के बाद आरोपी ने दोस्तों संग मिलकर हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने एसओजी समेत चार टीमें लगाई हैं। मोहल्ले में तनाव का माहौल है।

प्रयागराज के जार्जटाउन थाना क्षेत्र के अल्लापुर इलाके में शुक्रवार देर रात बाइक दुर्घटना का विरोध करने पर हिस्ट्रीशीटर 40 वर्षीय साजन मेहता की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बता दें कि साजन पर दर्जन भर से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी की चार टीमें बना दी हैं। साथ ही परिजनों की तहरीर पर 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। साजन मेहता (40) जॉर्जटाउन के अल्लापुर स्थित साकेत अस्पताल के पास रहता



था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था और नगर निगम में निजी सफाई कर्मी का कार्य करता था। साजन की शादी हुई थी लेकिन करीब 12 साल पहले उसका तलाक हो गया था।

दोस्त राजा ने बताया कि शुक्रवार रात साजन मेला देखने अल्लापुर गया था। रात करीब 12 बजे वह बाइक से अकेले घर लौट रहा था कि मटियारा रोड, अमिताभ बच्चन मार्ग के पास उसकी बाइक में एक सफारी कार ने टक्कर मार दी। कार में सिकंदर पासी, गुड्डू पासी, सुधीर पासी और प्रिंस पासी सवार थे।

**लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से की हत्या :** टक्कर से साजन बाइक सहित सड़क पर गिर गया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गालीगलौज करते हुए पिटाई शुरू कर दी और पास स्थित हैजा अस्पताल के अंदर खींच ले गए। अंदर ले जाकर आरोपियों ने लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से उसके सिर व चेहरे समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

चीख-पुकार सुन लोगों को मौके पर आता देख सभी आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची।

## रोडवेज ने धान लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, बस चालक की मौत.. आठ घायल, पीछे से आ रही कार भी घुसी

अमरोहा, एजेंसी। गजरौला हाईवे पर हुए हादसे में हरदोई डिपो के रोडवेज बस चालक नजमुद्दीन की मौत हो गई। दिल्ली जा रही बस धान लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर पलट गई। इसी दौरान पीछे से आई कार भी बस में घुस गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। गजरौला हाईवे पर हादसे में हरदोई डिपो की रोडवेज बस चालक नजमुद्दीन (35) की मौत हो गई। दिल्ली जा रही रोडवेज बस की टक्कर से शहवाजपुर डोर के निकट आगे चल रहा धान लदा ट्रैक्टर ट्रॉली पलट जाने से उसका चालक घायल हो गया। बस का चालक उसमें में सवार सात यात्री घायल हो गए।

इस बीच पीछे से आई कार बस में घुस जाने से क्षतिग्रस्त हो गई। उसका चालक और सवार कार छोड़ कर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह घायलों को बाहर निकाला और निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बस चालक का शव मोर्चरी पर रखवाया। हादसा शनिवार/ रविवार रात करीब 2.30 बजे शहवाजपुर डोर के निकट हुआ। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि औद्योगिक चौकी इंचार्ज सुभाष चौहान को सूचना मिली कि हाईवे पर हादसा हो गया है। वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। देखा हरदोई डिपो की रोडवेज हादसे में क्षतिग्रस्त है। बस में पीछे से कार घुसी है, लेकिन कार में कोई सवार नहीं था। बराबर में ही किनारे पर धान लदा



ट्रैक्टर ट्रॉली पलटा हुआ पड़ा था।

उसका चालक संभल के खानपुर निवासी मुख्तियार गंभीर रूप से घायल था। उधर बस में सवार यात्री चीख पुकार मचा रहे थे। उनको तुरंत बाहर निकाला गया। चालक समेत सात यात्री घायल थे। ट्रैक्टर चालक, बस के घायल यात्रियों और चालक नजमुद्दीन (35) को तुरंत निकट के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मुख्तियार की हालत नाजुक होने के कारण उसे रेफर कर दिया गया।

**हादसे के कारण हाईवे पर लग गया था जाम :** हाईवे पर हादसे में बस सवार शानू शर्मा, राधा कृष्ण, रामनरेश, कृष्णा, शर्बती, जीवा, मंजूदा खान निवासी हरदोई घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक मुख्तियार घायल हो गए।

हाईवे पर रात हादसे के कारण जाम लग गया था। दिल्ली जाने वाले वाहनों की लेन पर दूर-दूर तक लंबी लाइन लग गई। पुलिस ने क्रेन मंगाकर बस और दूसरी दिशा में पलटे पड़े धान लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को हटवाया। तब जाकर यातायात सुचारू हो सका। उधर बस में सवार यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर रवाना किया गया।

### यूपी में भाजपा नेता का कत्लः

## बीडीसी सदस्य को गोलियों से भून डाला, गांव के युवक ने इसलिए की हत्या

**मेरठ, एजेंसी।** यूपी के मेरठ जिले के किठौर के गांव भड़ौली में बीडीसी सदस्य की गोली बरसाकर हत्या कर दी गई। मृतक प्रमोद भड़ाना भाजयुमो के मंडल महामंत्री थे। उन्हें तीन गोलियां लगीं। गांव के रोबिन पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में शनिवार को भाजपा नेता को गोलियों से भून डाला। भाजपा नेता की हत्या का आरोप गांव के ही युवक पर लगा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही फरार आरोपी की तलाश में जुट गई। जानकारी के अनुसार, मेरठ के किठौर इलाके के भड़ौली गांव में शनिवार सुबह भैंसा बुग्गी में खेत से चारा लेने गए भाजयुमो मंडल महामंत्री व बीडीसी प्रमोद भड़ाना (35) की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। उन्हें तीन गोली लगीं। बुधवार को गांव के ही शिवम पर गढ़मुक्तेश्वर नानपुर में फायरिंग की गई थी। प्रमोद भड़ाना और प्रधान कुसुम के पति अंकित ने शिवम पक्ष के साथ गांव के रोबिन पर हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसका बदला लेने के लिए आरोपी रोबिन ने वारदात को अंजाम दिया।

**अंकित की गाड़ी और उनके घर के बाहर फायरिंग :** आरोपी ने प्रमोद की हत्या के बाद अंकित की गाड़ी और उनके घर के बाहर जाकर भी फायरिंग की। एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि तीन टीमें गठित की गई हैं।

# खर्च सीमा दो लाख पर भुगतान छह लाख का, 33 जिलों में हुई धांधलीज्संयुक्त आयुक्त ने दिए ये निर्देश

**कानपुर, एजेंसी।** प्रदेश भर की ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत कार्यों को लेकर मॉनीटरिंग की गई, तो दो लाख रुपये से अधिक का भुगतान करने में प्रदेश के 33 जिलों की 238 ग्राम पंचायतों में धांधली पकड़ी गई है। शासन स्तर से जारी रिपोर्ट में ग्राम प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायकों की भूमिका संदिग्ध मिली है। प्रदेश में मनरेगा योजना के तहत करोड़ों रुपये की धांधली का पर्दाफाश हुआ है। 33 जिलों में वित्तीय अनियमितताओं की जांच शुरू की गई है। इनमें जिले के बिल्हौर और ककवन ब्लाक की दो ग्राम पंचायतें भी हैं। दोनों ग्राम पंचायतों में मेड़बंदी और चकरोड के नाम पर करीब छह लाख रुपये का भुगतान हुआ, जबकि दो लाख रुपये से अधिक के भुगतान पर रोक है।

संयुक्त आयुक्त मनरेगा संजय कुमार ने सीडीओ को पत्र जारी कर कराए गए विकास कार्यों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करके एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मनरेगा योजना के तहत प्रधान



और सचिव के पास किसी व्यक्ति का निजी कच्चा काम जैसे मेड़बंदी, खेत समतलीकरण, पौधरोपण, कैटेल शेड, चकरोड निर्माण आदि कार्य कराने का अधिकार है।

**जिम्मेदार मनमाना भुगतान कर रहे :** लेकिन इन कामों में भुगतान सिर्फ दो लाख रुपये तक ही करने का नियम है। इसके बाद भी ब्लॉक में बैठे जिम्मेदार मनमाना भुगतान कर रहे हैं। शासन स्तर से वर्ष 2024-25 में मनरेगा के तहत कराए गए व्यक्तिगत कार्यों में हुए भुगतान की जांच की तो पता चला कि बिल्हौर ब्लॉक की देबीपुर सरई ग्राम पंचायत में मुन्ना सिंह के खेत के चारों तरफ मेड़बंदी और जंगल की सफाई का काम दिखाकर 2.23 लाख का भुगतान किया गया।

**ग्राम प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायकों की भूमिका संदिग्ध :** वहीं, ककवन ब्लाक की रहीमपुर विषधन ग्राम पंचायत में हरिपुरवा में रामौतार के घर से मंगू राठौर के खेत तक चकरोड का का काम दिखाकर 3.62 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। प्रदेश भर की ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत कार्यों को लेकर मॉनीटरिंग की गई, तो दो लाख रुपये से अधिक का भुगतान करने में प्रदेश के 33 जिलों की 238 ग्राम पंचायतों में धांधली पकड़ी गई है। शासन स्तर से जारी रिपोर्ट में ग्राम प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायकों की भूमिका संदिग्ध मिली है। शासन के निर्देश हैं कि नियम विरुद्ध तरीके से भुगतान करने वालों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए।



**फैंस भूल गए एशिया कप**

# विराट कोहली की इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर ने मचाई धूम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टीव नहीं है, लेकिन उन्होंने हाल ही में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ एक नई तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है, जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। इस तस्वीर में दोनों एक बेहद प्यारे अंदा में दिख रहे हैं, जहां विराट ने प्यार से अनुष्का के माथे पर अपना गाल रखा हुआ है और दोनों कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए देख रहे हैं। यह तस्वीर पोस्ट होने के बाद सिर्फ दो घंटे में 5 मिलियन से अधिक लाइक्स बटोर चुकी है।

## विराट कोहली ने कैप्शन में लिखी ये बात

इस तस्वीर में विराट ने नीले रंग का लंबा कोट पहना हुआ है, जबकि अनुष्का ने ग्रे स्वेटर के साथ एक सफेद टॉप पहना है। इस पोस्ट के कैप्शन में विराट ने बस इतना लिखा, Been a minute. फैंस इस तस्वीर को शेयर भी कर रहे हैं। कई फैंस के इस पर अच्छे कमेंट भी किए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही क्रिकेट फैंस एशिया कप की बातें छोड़, इन दोनों के बारे में बात करने लगे हैं। ऐसा कि मानो वह एशिया कप को भूल चुके हैं।

**पीकेएल-12:**

# बंगाल वॉरियर्स ने पटना पायरेट्स को 6 प्वाइंट्स से हराया



**जयपुर, एजेंसी।** कप्तान देवांक (22 प्वाइंट) के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत बंगाल वॉरियर्स ने शनिवार को यहां सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 51वें मैच में पटना पायरेट्स को 48-42 से हरा दिया।

बंगाल वॉरियर्स की आठ मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम अब 13 अंक लेकर नौवें नंबर पर पहुंच गई है। पटना पायरेट्स को आठ मैचों में छठी हार का मुंह देखना पड़ा है। मुकाबले में बंगाल वॉरियर्स के लिए देवांक दलाल और पटना पायरेट्स के लिए माइटी मनिंदर सिंह ने अपनी-अपनी पूर्व टीम के खिलाफ मल्टी प्वाइंट्स लेकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद अयान ने सातवें मिनट में मल्टी प्वाइंट लेकर बंगाल वॉरियर्स को ऑलआउट कर दिया और स्कोर को 13-8 तक पहुंचा दिया। इस तरह पटना की टीम पहले 10 मिनट के खेल में 16-11 से आगे हो गई। बंगाल के लिए कप्तान देवांक ने डू ऑर डाई में तीन अंक लेकर अपनी टीम की वापसी करानी शुरू कर दी। उन्होंने इसके साथ अपना लगातार आठवां सुपर-10 भी पूरा कर लिया। पटना पायरेट्स की टीम यहां से ऑलआउट की कगार पर पहुंच गई। अगली ही रेड में मनिंदर भी टैकल कर लिए गए और बंगाल ने पटना पायरेट्स को ऑलआउट करके स्कोर 19-19 की बराबरी पर पहुंचा दिया।

धाकड़ देवांक ने पहले हाफ के अंतिम मिनट में एक और सुपर रेड लगा दी और बंगाल को तीन अंक दिला दिए। इससे बंगाल वॉरियर्स की टीम पहले हाफ की समाप्ति तक 26-25 से आगे हो गई। खेल के पहले 20 मिनट में बंगाल वॉरियर्स के कप्तान देवांक दलाल का भौकाल देखने को मिला और उन्होंने 15 अंक अर्जित किए। दूसरा हाफ शुरू होने के बाद पटना पायरेट्स ने एक बार फिर से 27-27 की बराबरी हासिल कर ली। पटना के लिए अयान ने अपना चौथा सुपर-10 पूरा कर लिया। उन्होंने अपनी अगली रेड में भी सुपर रेड लगाकर 35वें मिनट तक पटना पायरेट्स को बराबरी पर रोके रखा। मैच के 30वें मिनट तक भी दोनों ही टीमें लगभग बराबरी पर चल रही थी। लेकिन पटना के लिए मनिंदर सिंह ने सुपर रेड लगाकर अपने करियर का 80वां सुपर-10 पूरा कर लिया। 36वें मिनट में पटना ने देवांक को सुपर टैकल करके मैच में वापसी कर ली और स्कोर को 39-39 से बराबरी कर दी। बंगाल और पटना के बीच खेल के अंतिम मिनटों में कांटे की टक्कर देखने को मिली। बंगाल के लिए जहां डिफेंस अंक बटोर रहा था तो वहीं पटना के लिए अयान अंक लेकर आ रहे थे।

# मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई के नए अध्यक्ष

### जे एंड के के लिए अंडर-19, दिल्ली के लिए रणजी खेले; बोर्ड के पहले प्रेसिडेंट क्रिकेटर, जो इंटरनेशनल मैच नहीं खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फॉर्मर डोमेस्टिक क्रिकेटर मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गए है। इसका ऐलान रविवार को मुंबई में बीसीसीआई ऑफिस में हुई एनुअल जरनल मीटिंग के बाद हुआ। वे इस पद पर निर्विरोध चुने गए। मन्हास बोर्ड के पहले ऐसे प्रेसिडेंट क्रिकेटर हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ङ्क पर पोस्ट कर मिथुन मन्हास को बधाई दी। उन्होंने लिखा- मिथुन मन्हास आधिकारिक रूप से बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गए हैं। जे एंड के की अंडर-15 टीम में खेले मन्हास ने जम्मू कश्मीर से अंडर-15, अंडर-16 और अंडर-19 खेला। उन्होंने 3 साल जे एंड के के लिए अंडर-19 खेला। साल 1995 में उन्होंने लगभग 750 रन बनाए और देश के हाईएस्ट अंडर-19 स्कोरर बने। बाद में जे एंड के टीम के कैप्टन बने। इसी परफॉर्मेंस के चलते उनका सिलेक्शन नॉर्थ जोन के लिए हुआ। 12वीं की परीक्षा देने के बाद मन्हास कुछ महीनों के लिए पहली बार दिल्ली आए। तब उनकी उम्र 17 साल थे। यहां आकर उन्होंने दिल्ली के प्रीमियर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और यहीं से खेलने लगे। उस दौर में दिल्ली की टीम में वीरेंद्र सहवाग और आशीष नेहरा जैसे दिग्गज खेलते थे। दिल्ली के टूर्नामेंट में अच्छा परफॉर्म करने के चलते उनका सिलेक्शन अंडर-19 नेशनल टीम में हुआ।



# उन्हें समझदारी से टूर्नामेंट चुनने होंगे, पीवी सिंधु को साइना नेहवाल की सलाह



**मुंबई, एजेंसी।** साइना नेहवाल की यह सलाह सिंधू के लिए आने वाले सीजन में अहम साबित हो सकती है। सही टूर्नामेंट चयन और बेहतर तैयारी से सिंधू फिर से अपने करियर के सुनहरे दिनों की तरह लगातार जीत दर्ज कर सकती हैं। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल का मानना है कि पीवी सिंधू को अब टूर्नामेंट चुनने में समझदारी दिखानी होगी। जैसे-जैसे सिंधू 30 की उम्र में पहुंच रही हैं, लगातार हर टूर्नामेंट खेलने का दबाव उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। साइना ने कहा, ऐसा नहीं है कि एक निश्चित उम्र के बाद आप अच्छा नहीं कर सकते। यह निश्चित रूप से संभव है, लेकिन आपको उन टूर्नामेंटों पर ध्यान देना होगा जिनमें आप अच्छा करना चाहते हैं।

## लगातार टूर्नामेंट खेलना मुश्किल



साइना का कहना है कि रैंकिंग बनाए रखने के लिए सभी टूर्नामेंट खेलना थकाऊ हो सकता है। उन्होंने कहा, आप सभी टूर्नामेंटों में अच्छा नहीं कर सकते क्योंकि यह मुश्किल होता है। इस उम्र में जब आप अपनी रैंकिंग बनाए रखने के लिए लगातार इतने सारे टूर्नामेंट खेल रहे होते हैं तो जाहिर है आपको एक निश्चित दौर तक तो पहुंचना ही होगा।

साइना का मानना है कि सिंधू को बड़े टूर्नामेंट जैसे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप जीतना चाहते हैं जैसे विश्व चैंपियनशिप या एशियाई चैंपियनशिप तो आपको उन टूर्नामेंटों में पूरी ताकत लगानी होगी।

# आईपीएल 2026: राजस्थान रॉयल्स ने फील्डिंग कोच दिशांत याग्निक से नाता तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने लंबे समय से फील्डिंग कोच के रूप में काम कर रहे दिशांत याग्निक से नाता तोड़ लिया है। याग्निक से पहले आरआर और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के भी रास्ते अलग हो गए थे। टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम को अपनी कोचिंग में चैंपियन बनाने के बाद द्रविड़ आरआर के मुख्य कोच बने थे। माना जा रहा था कि आरआर के कोच के रूप में उनका कार्यकाल लंबा होगा, लेकिन हाल ही में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। राहुल की कोचिंग में आरआर का 2025 में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था और टीम में फूट की खबर भी आई थी। आरआर 2025 में लीग चरण के 14 मैचों में चार जीत के साथ नौवें स्थान पर रही थी। याग्निक अब आगामी घरेलू सत्र में जम्मू और कश्मीर टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में काम करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। पिछले सीजन में, वह कोचिंग स्टाफ के प्रमुख सदस्यों में से एक थे, जिसमें जम्मू और कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।



# हमारे पास विश्व कप जीत इतिहास रचने का मौका - हरमनप्रीत कौर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला वनडे विश्व कप का आगाज 30 सितंबर से हो रहा है। मैच भारत और श्रीलंका में खेले जाएंगे। मेजबान होने के नाते भारतीय टीम के पास विश्व कप जीतने का मौका है और इस बात को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी स्वीकार किया है।

प्रतियोगिता हमेशा की तरह कड़ी है, लेकिन टीम को अपने कौशल, तैयारियों और किसी भी चुनौती से पार पाने का भरोसा है। घरेलू और बाहरी मैदानों पर खेले गए हालिया नतीजे भी टीम के लिए उत्साहजनक रहे हैं। हम विश्व कप में इस लय को बरकरार रखने के लिए उत्सुक हैं। हरमनप्रीत ने लिखा, हमारी विश्व कप टीम में सभी विभागों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी बल्लेबाजी प्रतिभाएं टीम में मौजूद हैं। गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली है, जिसमें रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के साथ युवा और होनहार क्रांति गौड़, एन. श्री चरणी और राधा यादव भी हैं। इसके अलावा, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर जैसे तीन ऑलराउंडर भी हैं, जो खेल का रुख भारत के पक्ष में मोड़ सकते हैं। उन्होंने विश्व कप में भारतीय टीम के अभियान में सपोर्ट स्टाफ की भूमिका और फैंस के उत्साह और समर्थन को भी अहम बताया। भारतीय महिला टीम अब तक कोई भी आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। 2005 और 2017 में टीम फाइनल में पहुंची थी।

## कप्तानी करना सम्मान की बात

शनिवार को आईसीसी के एक कॉलम में हरमनप्रीत ने लिखा, घरेलू विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करना, एक बड़ा सम्मान है। हम ट्रॉफी जीतने की ख्वाहिश रखते हैं और इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह से प्रेरित हैं। भारतीय कप्तान ने लिखा, विश्व कप की तैयारी का हमारा सफर समृद्ध रहा है। पिछले कुछ समय से टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इससे हमारे अंदर आईसीसी ट्रॉफी जीतने की ललक जगी है। हम बड़ी छलांग लगाना चाहते हैं और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतना चाहते हैं।

**SAFF Under-v| Football:**

# भारत ने सातवां सैफ अंडर-17 खिताब जीता, पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को हराया



**कोलंबो, एजेंसी।** भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए। भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को 4-1 से हराकर सातवां सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप खिताब जीता। भारत ने दल्लामुओन गंगटे (चौथे मिनट) और अजलान शाह केएच (38वें मिनट) के गोल की मदद से पहले हाफ में 2-1 की बढ़त बनाई हुई थी लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी मिनट में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया जिससे शूटआउट से नतीजा निकला।

भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए। इसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में डाला। वहीं बांग्लादेश की टीम दबाव में बिखर गई। उसके लिए केवल मोहम्मद माणिक ही गोल कर सके।

# नेपाल ने टी-20 में पहली बार वेस्टइंडीज को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शारजाह में खेले गए तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में नेपाल ने वेस्टइंडीज को 19 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। यह जीत नेपाल की किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ सभी फॉर्मेट में पहली जीत है। इससे पहले 2014 में नेपाल ने टी-20 में अफगानिस्तान को हराया था, लेकिन उस समय अफगानिस्तान एसोसिएट टीम थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ यह नेपाल का पहला टी-20 मैच और किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ उनकी पहली बाइलैट्रल सीरीज की शुरुआत थी।

नेपाल की खराब शुरुआत, लेकिन मजबूत वापसी टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट पर 148 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 8 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिर गया। कुशल भुर्तेल 6 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज आशिफ शेख भी सिर्फ 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तीसरे विकेट के लिए कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 45 गेंदों पर 58 रन की अहम साझेदारी की। कुशल मल्ला ने 21 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 30 रन बनाए, जबकि रोहित पौडेल ने 35 गेंदों में 38 रन की पारी खेली।

दीपेंद्र सिंह एरी ने 19 गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि नवीन बिदाईसी ने 29 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। रोहित पौडेल ने 35 गेंदों में 38 रन की पारी खेली।

## वेस्टइंडीज की फ्लॉप बल्लेबाजी

वेस्टइंडीज की फ्लॉप बल्लेबाजी नेपाल के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। नई टीम के साथ मैदान में उतरी विंडीज की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। उनकी टीम में चार नए खिलाड़ी शामिल थे। वेस्टइंडीज की ओर से नवीन बिदाईसी ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। अमीर जंगू और फेबियन एलन ने 19-19 रन जोड़े, जबकि कप्तान अकील हुसैन 18 रन बनाकर आउट हुए। अकीम ने 15 और केसी कार्टी ने 16 रन का योगदान दिया। नेपाल की ओर से कुशल भुर्तेल ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।